'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत दि. 25.09.2024 को राजा भोज विमानतल, भोपाल पर 'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर' आयोजित किया गया। इस शिविर में विमानतल पर कार्यरत सभी सफाई मित्रों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विमानपत्तन निदेशक,श्री रामजी अवस्थी ने स्वास्थ्य शिविर में पधारे चिरायु अस्पताल,भोपाल के चिकित्सकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर व विमानतल के सफाई मित्रों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,भोपाल के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

राजा भोज हवाईअड्डा, भोपाल
Raja Bhoj Airport, Bhopal

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
राजा भोज विमानतल, भोपाल
स्वच्छता
ही सेवा 2024
17 सितम्बर - 2 अक्टूबर 2024
सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

'सफाई मित्र सुरक्षा शिविर' में भोपाल विमानतल पर कार्यरत सफाई मित्रों व अन्य विभागों के कर्मचारियों सहित 100 से अधिक लोगों ने नि:शुल्क चिकित्सा जांच का लाभ उठाया। शिविर के पश्चात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, भोपाल की ओर से सभी सफाई मित्रों को शॉल तथा टी-शर्ट भेंट कि गयी।

कार्यक्रम के उपरांत सफाई मित्रों के लिए भाविप्रा,भोपाल द्‌वारा मध्याहन भोजन का आयोजन किया गया। विमानपत्तन निदेशक ने सफाई मित्रों के साथ भोजन ग्रहण किया तथा उनसे उनकी समस्याओं व निराकरण पर चर्चा की |